Divisa
आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्र
100% Ayurvedic
Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness
असर पहले दिन से


Dr. Juneja's
EYE Mantra
Clinically Tested
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores

सिटी बाइट्स

करिश्मा कॉन्वेंट स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान



भागलपुर. करिश्मा कॉन्वेंट स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण, उनके कानूनी अधिकारों तथा पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता करना था. मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राज नारायण गिरम की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया. स्कूल के निदेशक प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि इस पहल से बच्चों एवं अभिभावकों में जागृति आयेगी और वे ज्यादा सुरक्षित रहेंगे. धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रिंसिपल डॉ नवीन कुमार सिंह ने किया.

दीक्षा इंटरनेशनल में मिली अधिकारों की जानकारी



भागलपुर. दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को यौन अपराध से बचाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के तहत सुरक्षित बचपन अभियान व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश दीपक कुमार का विद्यालय निदेशक संजय कुमार पासवान ने स्वागत किया. इस अवसर पर बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को यौन अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी. निदेशक संजय पासवान ने न्यायाधीश के इस महती प्रयास की प्रशंसा की.

क्रिसेंट इंग्लिश स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम



भागलपुर. गनीचक स्थित क्रिसेंट इंग्लिश स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के संरक्षण पर पैन-इंडिया स्कूल जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया. इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट वन सह अतिरिक्त सिविल जज अंबुज कुमार दुबे का विद्यालय की प्रिंसिपल निगार सुल्ताना ने बुके देकर स्वागत किया. न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और उपस्थित लोगों को कानूनी अधिकारों, उनकी सुरक्षा और पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों को बहुत ही सरल और प्रभावी तरीके से समझाया. विद्यालय के निदेशक शाह रुमी अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों, विशेषकर बच्चियों को बहुत सहायता और संबल प्राप्त होता है. मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्रा, बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करायी.

डीपीएस में पॉक्सो अधिनियम की मिली जानकारी



भागलपुर. दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए, कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार-वन विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया. न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को बताया कि पॉक्सो अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया एक महत्त्वपूर्ण कानून है. किसी भी प्रकार की असहज या अनुचित घटना का सामना करने पर बिना भय के अपने माता-पिता, शिक्षकों या किसी विश्वसनीय वयस्क को इसकी जानकारी दें. इस अवसर पर स्कूल प्रशासन के सभी अधिकारी आदि मौजूद थे.

शिक्षकों को मिलेगा करियर मार्गदर्शन का प्रशिक्षण

भागलपुर. जिले के सरकारी विद्यालयों में किशोरियों की सुरक्षा, करियर मार्गदर्शन और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. ताकि शिक्षक प्रशिक्षण लेने के बाद स्कूलों में बच्चों को जागरूक करें. जिला से मास्टर ट्रेनर के रूप में शिक्षकों को इसके लिए प्रशिक्षण लेने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना भेजा गया है. बुधवार को किशोरियों की सुरक्षा विषय पर मदनलाल उच्च विद्यालय के शिक्षक निलेश कुमार और रामधारी इंटरस्तरीय उच्च विद्यालय तेतरी पचरा की शिक्षिका डॉ अमृता कुमारी ने इसे लेकर प्रशिक्षण दिया. अब किशोरियों के कैरियर गाइड को लेकर 30 अक्तूबर को मास्टर ट्रेनर के रूप में जिले के शिक्षक कुणाल प्रियदर्शी और मयूम रजा प्रशिक्षण देंगे. डीपीओ एसएसए महेश प्रसाद ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करना है. ताकि छात्राओं को जरूरी जानकारी मिल सके.

कायाकल्प अभियान से बदली आंगनबाड़ी की सूरत

भागलपुर. जिले में कायाकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना को बेहतर बनाने की पहल की जा रही है. इसी कड़ी में पीरपैंती प्रखंड की बारा पंचायत के नयाटोला गांव में मनरेगा योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-185 का नवनिर्माण कराया गया है. केंद्र को आकर्षक और बाल-अनुकूल स्वरूप दिया गया है, ताकि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण मिल सके. नवनिर्मित भवन को आकर्षक रंगों और शैक्षणिक चित्रों से सजाया गया है. बाहरी दीवारों पर रंगीन चित्रांकन किया गया है, जिससे बच्चे केंद्र की ओर आकर्षित हों. वहीं, अंदर के कमरों में हिंदी वर्णमाला, अक्षर ज्ञान, संख्याओं, पशु-पक्षियों, फलों और दैनिक जीवन से जुड़ी वस्तुओं के चित्र प्रदर्शित किये गये हैं.

31 को निकलेगा पटेल जयंती पर एकता मार्च

भागलपुर. सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक ट्रस्ट की कार्यकारिणी बैठक में 31 अक्तूबर को जयंती समारोह की तैयारी पर चर्चा हुई. ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि सुबह सात बजे घंटाघर चौक स्थित सरदार भगत सिंह स्मारक स्थल से सरदार पटेल स्मारक स्थल तक एकता मार्च निकाला जायेगा. इसके बाद पुष्पांजलि, विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित होगा. डॉ सिंह ने शहरवासियों से मार्च में शामिल होने की अपील की.

काली महारानी महानगर केंद्रीय युवा महासमिति की कमेटी का विस्तार

100 से अधिक सदस्यों को जिम्मेदारी

- अध्यक्ष रवि और महामंत्री धनंजय के नेतृत्व में हुआ विस्तार
- काली पूजा और विसर्जन शोभायात्रा की तैयारियों को मिलेगी गति

संवाददाता, भागलपुर

श्री श्री 108 काली महायानी महानगर केंद्रीय युवा महासमिति ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी काली पूजा एवं विसर्जन शोभायात्रा को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से कमेटी का विस्तार किया है. अध्यक्ष रवि कुमार सिंह एवं महामंत्री धनंजय यादव के नेतृत्व में गठित विस्तारित कमेटी में उप-महामंत्री, सह संयोजक, सलाहकार समिति, उपाध्यक्ष, सचिव, महिला समिति, क्षेत्रीय प्रभारी, प्रवक्ता, सह कोषाध्यक्ष, सोशल मीडिया और कार्यकारिणी सदस्य सहित विभिन्न पदों पर सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है.

इनको मिली प्रमुख जिम्मेदारी : उप-महामंत्री के रूप में अभिजीत यादव को जिम्मेदारी दी गयी है. सह संयोजक शुभम कुमार साह और चंदन यादव बनाये गये हैं. सलाहकार समिति में डॉ. आनंद यादव, चौरभद्र जीतू, तुलसी गोस्वामी, संतोष कुमार और मुकेश यादव शामिल हैं. उपाध्यक्ष के रूप में संजू मंडल, डॉ. राजीव कुमार साह, डॉ. संदीप सौरव, राजा मंडल, मनीष मिश्रा, जयजीत दत्ता (चिट्टू), रविन्द्र यादव, तथागत प्रियदर्शी, पंकज सिंह और आदित्य कुमार सिंह को जिम्मेदारी दी गयी है.

सचिव पद पर 26 सदस्य : सचिव के रूप में राजीव आचार्या, अनमोल शेखर, विशाल बाजोरिया, नितिश यादव, अभिषेक यादव, रविन्द्र कुशवाहा, गौरव राज, कुमार अमित, जयराम कुमार, हरिप्रीत सिंह, राजू लाल यादव, अमृत कुमार, अंशुमान परिहार, अर्णव सोनकार, पप्पू पासवान, चिक्कू पासवान, किशोर झा, सूरज शर्मा, सौरभ पारिख, अमित कहैल, कुणाल सिंह, विनय कुमार डोकानिया, बंटी यादव, विष्णु यादव, आयुष कुमार और दुर्गेश कुमार साह को शामिल किया गया है. महिला समिति में सुनिधि मिश्रा, सोनी सुमन, खुशबू देवी, कुमकुम देवी, रूपा साह और अंशु मिश्रा को जिम्मेदारी मिली है. क्षेत्रीय प्रभारी के रूप में चंद्र किशोर साह, रणवीर शर्मा, सुमित साह और नीरज (पलटू यादव) को शामिल किया गया है. प्रवक्ता के रूप में शशि यादव, सरोज झा, ज्योतिष मंडल और बम्बम प्रीत को जिम्मेदारी दी गयी है. सह कोषाध्यक्ष अंकित कुमार बाजोरिया बनाये गये हैं. सोशल मीडिया की जिम्मेदारी आदित्य और नमन शाह को सौंपी गयी है.

कार्यकारिणी में 35 सदस्य शामिल : कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पिंटू यादव, भीम यादव, जितेंद्र मंडल, भरत कुमार साह, आशीष कुमार साह, प्रशांत किशोर साह, निरंजन चंद्रवंशी, कुंदन कुमार तांती, अभिषेक पिंटू, शैलेंद्र कुमार, विशाल कुमार, मनमोहन जोशी, डॉ. सरोज, ऋषि सिंह, विष्णु शर्मा, गिरीराज शर्मा, राहुल झुनझुनवाला, अंकित भिवानी वाला, संदीप शर्मा, अंकित बंसल, मनीष आर्यन, सन्नी, सत्यम, शुभम, मोलू, त्रिलोकी नाथ मंडल, अक्षय पोद्दार, दीपक बिहारी, ऋतिक कुमार, विकास यादव, चंदन ठाकुर, जैनिश कुमार, रोहित कुमार, भानुप्रताप यादव और आलोक प्रताप यादव को शामिल किया गया है. अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने बताया कि कमेटी विस्तार का उद्देश्य संगठन को अधिक सक्रिय बनाना और आगामी काली पूजा एवं विसर्जन शोभायात्रा की तैयारियों को बेहतर समन्वय के साथ पूरा करना है.

थानाध्यक्ष को कराया समस्याओं से अवगत

केंद्रीय काली पूजा महासमिति के अधिकारी और सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल मुजाहिदपुर थाना और खंडउ बिहार थाना डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एजीएसडूटिव इंजीनियर धंजय कुमार से मिलकर काली पूजा समिति की समस्या को अलग-अलग रखा. मीडिया प्रभारी राकेश रंजन केसरी ने बताया कि थानाध्यक्ष सह कमेटी को विभिन्न समस्या से अवगत कराया गया. समिति के अध्यक्ष कुंजेश शाह ने कहा समय से मूर्ति उठाने का प्रयास करेंगे. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुल पर बैरियर लगाया जाये. ताकि दक्षिणी क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र की मूर्ति स्टेशन चौक आये. समिति के संरक्षण कमल जायसवाल ने काली पूजा समिति द्वारा बनाये गये पैन को थाना प्रभारी रवि शंकर के समक्ष रखा. सत्यनारायण प्रसाद ने दक्षिणी क्षेत्र के कई पूजा स्थल की समस्या को गंभीरता से थाना अध्यक्ष के सामने रखा. वहीं, थाना अध्यक्ष ने डीजे साउंड पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया. साथ- साथ सभी काली पूजा से उनका लाइसेंस और 20-20 व्यक्तियों का नंबर मांगा गया. ताकि समय पर उनसे संपर्क किया जा सके.

कांग्रेस ने भरी हुंकार, एक नवंबर को दिल्ली पहुंचने का आह्वान



प्रेस वार्ता के दौरान अनूप सिंह व अन्य नेता.

वरीय संवाददाता, भागलपुर

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत बुधवार को परिसदन में जिला कांग्रेस की प्रेस वार्ता हुई. एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक विधायक जयगोपल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता, मताधिकार सुरक्षा और चुनाव आयोग की जवाबदेही का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस मतदाता सूची में गड़बड़ियों और चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं पर लगातार सवाल उठा रही है, इनकी निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच होनी चाहिए. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाया और उनके इस्तीफे की मांग की आंदोलन का प्रमुख मुद्दा बताया. उन्होंने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की. मौके पर राहुल सिंह चौहान, अमित आनंद, मुजफ्फर अहमद, राजेश रंजन राजू, प्रदीप सिंह, प्रशांत बनर्जी, राकेश यादव, रजनीश कुमार मौजूद थे.

वैज्ञानिक व प्राकृतिक कृषि अपनाने के लिए किया प्रेरित

वरीय संवाददाता, भागलपुर

जिला कृषि कार्यालय के सभागार में बासतिक (रबी) महाअभियान-सह-खेत बचाओ अभियान-2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम हुआ. अनुमंडल पदाधिकारी नवनाशिया के परीक्षित, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बरुण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार दास, उप परियोजना निदेशक आत्मा भागलपुर विपुल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राघव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण सह पौधा संरक्षण निरीक्षक, प्रखंड किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार, कृषि विधान के कर्मी और प्रगतिशील किसानों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. प्रखंड कृषि पदाधिकारी राघव ने कृषि विभाग की योजनाओं, रबी फसलों की उत्पादकता वृद्धि, उन्नत तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी. किसानों को गुणवत्तापूर्ण निवेश उपयोग और वैज्ञानिक खेती के लिए प्रेरित किया. अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बरुण कुमार ने रबी की वैज्ञानिक खेती, उन्नत बीज, मृदा स्वास्थ्य, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों पर बताया.

एसडीओ के परीक्षित ने वैज्ञानिक पद्धति और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की. कहा, दोनों के समन्वय से लागत घटेगी, उर्वरता बचेगी और आय बढ़ेगी. उप परियोजना निदेशक विपुल ने आत्मा के कार्यक्रमों की जानकारी दी. प्रखंड तकनीकी प्रबंधक परमेश्वर कुमार सिंह ने भी जानकारी साझा की. मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे.

चैंबर का दीपावली मिलन समारोह नौ नवंबर को

- भागलपुर से हावड़ा सुबह वंदे भारत चलाने के प्रस्ताव पर जीएम का सकारात्मक आश्वासन

संवाददाता, भागलपुर

चैंबर कार्यालय में बुधवार को अध्यक्ष शरद कुमार सलारपुरिया की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की मासिक बैठक हुई. इसमें व्यापारिक हितों से जुड़े मुद्दों के साथ आगामी दीपावली मिलन समारोह और विसर्जन जुलूस के दौरान बिजली की समस्या पर चर्चा की गयी. उपाध्यक्ष अजीत जैन ने त्योहारों के दौरान बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम और विसर्जन जुलूस के समय विद्युत समस्या का मुद्दा उठाया. इस पर स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों से पत्राचार कर समस्या का शीघ्र समाधान कराने का निर्णय लिया गया, ताकि लोगों को बिजली और पानी की परेशानी नहीं हो. महासचिव सौए पुनीत चौधरी ने बताया कि भागलपुर से हावड़ा के लिए सुबह वंदे भारत ट्रेन चलाने के संबंध में चैंबर की ओर से जीएम, हावड़ा को पत्र भेजा गया था. इस पर सकारात्मक जवाब मिला है और जल्द निर्णय होने का आश्वासन दिया गया है. बैठक में इस वर्ष दीपावली मिलन समारोह 9 नवंबर, सोमवार को धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया.

इसके लिए ओमप्रकाश कानोडिया, राहुल झुनझुनवाला और सौए नीलेश अग्रवाल को संयोजक बनाया गया. बैठक में अनिल कुमार खेतान, राम गोपाल पोद्दार, राजेश बंका, रोहन साह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

भाजपा प्रत्याशी की हैट्रिक जीत पर बंटी मिठाई



भागलपुर. कोसी स्नातक क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार डॉक्टर एनके यादव के लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने की खुशी में भागलपुर में भाजपा व एनडीए कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया और मिठाई बांटी. वहीं जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद पूर्णिया से भागलपुर पहुंचे डॉ एनके यादव का उनके आवास पर पहले से पहुंचे एनडीए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. उनकी धर्मपत्नी व शहर की पूर्व मेयर डॉ वीणा यादव ने आरती कर जीत का तिलक लगाया और मिठाई खिलायी. चिंघायर रोहित पांडे ने भी डॉ एनके यादव की जीत की बधाई दी और स्वागत किया. मौके पर भाजपा अधिवक्ता प्रकोष्ठ के वरिष्ठ भाजपा, विनोद मंडल, सुधीर चौधरी, रितेश यादव, मनीष महाराणा, पंकज कुमार, तिलकधारी नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई वितरण कर खुशी मनायी गयी. भागलपुर जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह, विवेकानंद प्रसाद उर्फ बबलू यादव, दीपक बिहारी, प्रेमजी सोनू, प्रकाश चौधरी, चुनचुन चौधरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

मनसा विषहरी केंद्रीय पूजा समिति ने दी बधाई

भागलपुर. बिहार विधान परिषद के कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एनके यादव को श्री श्री 108 मनसा विषहरी महायानी केंद्रीय पूजा समिति, भागलपुर ने बधाई दी है. बधाई देने वालों में समिति के अध्यक्ष भोला कुमार मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप कुमार, महामंत्री शशि शंकर राय, उपाध्यक्ष दिनेश मंडल, कैलाश यादव, श्यामल किशोर मिश्रा, राजीव शर्मा, हेमकांत झा, संगठन महामंत्री शिवकुमार सिंह, पिंकी वागरीया, रूपा रानी साह, मेला प्रभारी छंगूरी शर्मा, विधि सलाहकार जयप्रकाश यादव व्यास, ओमप्रकाश तिवारी सहित समिति के सभी सदस्य शामिल हैं.

नीरज कुमार की चौथी जीत कार्यकर्ता बल की जीत

भागलपुर. जदयू शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार ओझा ने बिहार विधान परिषद चुनाव में एनडीए के विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी है. उन्होंने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार की लगातार चौथी जीत को धनबल और बाहुबल पर कार्यकर्ता बल एवं नेतृत्व बल की जीत बताया. कहा कि यह जीत निशांत कुमार और सम्राट चौधरी के नेतृत्व के प्रति विश्वास, एनडीए की एकजुटता और संगठन की मजबूती का परिणाम है. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनसेवा से यह सफलता मिली है.

आज भागलपुर पहुंचेंगे नगर विकास मंत्री

भागलपुर. बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री सह भागलपुर जिला प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा दो दिवसीय यात्रा पर गुरुवार 29 अक्तूबर को भागलपुर आ रहे हैं. वे 30 अक्तूबर तक भागलपुर रहेंगे. अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान प्रभारी मंत्री, पटरी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे. वे जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी लेंगे. इस आशय की जानकारी भागलपुर विधानसभा प्रभारी प्रणिक कालंजीयो ने दी.

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 105 मरीजों का परीक्षण

भागलपुर. लायंस क्लब ऑफ भागलपुर रॉयल एवं सुश्रुत आई फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर, कोलकाता की ओर से बुधवार को बेसीटीकर स्थित होली फैमिली हेल्थ केयर सेंटर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगा. उद्घाटन उप जिला पाल अविनाश कुमार ने किया. शिविर में 105 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया. ऑप्टोमेट्रिस्ट दिलीप कुमार साह और दीम ने जांच की. ज्योति कुमारी ने आंखों की देखभाल और व्यायाम की जानकारी दी. निवर्तमान अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए हर माह शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं. मौके पर सिस्टर शिमा, सिस्टर रोजमेरी, पूर्व जिलापाल अनुपम सिंहानिया, रितेश सहेला, विश्वजीत कुमार मौजूद थे.

यूनियन बैंक Union Bank
क्षेत्रीय कार्यालय : पचवटी कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, मोहनपुर रोड, समस्तीपुर-848101
वास्तुकारों एवं ठेकेदारों का मनोनयन
बैंक समस्तीपुर क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान व नए एटीएम/शाखा/कार्यालय इत्यादि के न्यूनीनीकरण हेतु प्रस्तुकारों तथा सिविल व अतिरिक्त संरचना (जिसमें सम्बंधित कार्य भी शामिल है) एवं विद्युत (जिसमें 5KVA सेक्शिंग तक्य भी शामिल है) से सम्बंधित ठेकेदारों को सूचीबद्ध करने हेतु पात्रता आमंत्रित करता है.
अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक के वेबसाइट 'www.unionbankofindia.com' / ई-अधिग्रहीत पोर्टल 'tenders.gov.in' पे जाएँ। निर्धारित प्रारूप में निविदाएँ जमा करने की अंतिम तिथि 17.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक है।
बैंक के पास किसी भी प्रस्ताव को, बिना कोई कारण बताये, किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
क्षेत्रीय रुपरेरेस प्रमुख

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
119 FOUNDATION YEAR
शाखा - रजनी चौक, विवेकानन्द कॉलोनी,
पोस्ट: भट्टा, रजनी चौक, पूर्णिया, 854301, बिहार, भारत,
फ़ोन 9264450897 ईमेल vjpurn@bankofbaroda.com,
वेब: www.bankofbaroda.bank.in
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी सूचना
"परिशिष्ट- IV-A [नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परंतुक देखें]
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए 'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है' एवं 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा।
उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/संपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए 30 दिन की बिक्री सूचना

क्र. सं.	शाखा का नाम एवं बिक्री सूचना की तिथि	उधारकर्ता/ गारंटर / बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण, ज्ञात भारों सहित, (मालिक/बंधककर्ता का नाम)	कुल बकाया राशि (समेकित) ब्याज सहित दिनांक 04.10.2026 तक) वसूली (जो बोली हो) तारीख	ई-नीलामी की तिथि ई-नीलामी का समय प्रारंभ समय से समाप्ति समय	1. आरक्षित मूल्य 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	स्थावरिक की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1	शाखा- रजनी चौक 23.10.2026	मेसर्स अमन ऑटोमोबाइल्स प्रोप्रा- मोहम्मद मोईनुल हक, पार्टनर संख्या- 6, भरतक के किस्ट, लालगंज, पूर्णिया- 854303, बिहार मोहम्मद मोईनुल हक (प्रधानकर्ता) पिता- मोहम्मद अबू तलहा, महई संख्या- 6, भरतक के किस्ट, लालगंज, पूर्णिया- 854303, बिहार श्रीमती नसीमा खातून (गारंटर) पति- मोहम्मद अबू तलहा, महई संख्या- 6, भरतक के किस्ट, लालगंज, पूर्णिया- 854303, बिहार कब्जे सहित	रु. 38,85,520.74 + अन्य शुल्क + टिकाव 05-10-2026 से आगे का ब्याज	ई-नीलामी की तिथि 05-12-2026 ई-नीलामी का समय: दोपहर 14.00 से शाम 18.00 बजे तक	आरक्षित मूल्य- रु. 44,71,200/- ईएमडी जमा राशि- रु. 4,47,120/- बोली वृद्धि राशि- रु.10,000/-	भौतिक	दिनांक: 01.12.2026 समय: 10:00 से 17:00

बिक्री की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक: https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल Baanknet.com पर जाएं; साथ ही, इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से टेलीफोन नंबर / मोबाइल नंबर 9264450897 पर संपर्क कर सकते हैं.
दिनांक: 23.10.2026
स्थान: पूर्णिया
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ़ बड़ौदा